### कांग्रेस पार्षदों ने आसंदी के समक्ष दिया धरना, महापौर ने कहा राजनीति कर रहा विपक्ष

# नगर निगम सदन में पक्ष-विपक्ष के बीच सीधी तकरार




**जबलपुर।** नगर निगम की साधारण बैठक की शुरुआत में ही हंगामा हो गया। विपक्ष ने जनता की समस्याओं को लेकर विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप लगाया है वहीं बैठक के प्रारंभ में जनहित के मुद्दों पर चर्चा करने की मांग की है जिसे आसंदी ने अस्वीकार कर दिया। लिहाजा विपक्ष बिफर गया, आसंदी के सामने धरने पर बैठ गया। काफी देर तक धरना प्रदर्शन, नारेबाजी चलती रही। बैठक कुछ देर के लिए स्थिगित कर दी गई। उसके बाद अध्यक्ष ने विपक्ष को चर्चा के लिए बुलाया और अन्य विषयों पर चर्चा भोजन अवकाश के बाद सहमति बनी। विपक्ष का आरोप था कि नगर निगम वित्तीय संकट से जूझ रहा है। जनता के काम नहीं हो रहे हैं। शहर की मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी की जा रही है। जनता से जुड़ी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, अयोध्या तिवारी, हर्षित यादव ने आरोप लगाया कि रुके हुए विकास कार्यो और अस्त-व्यस्त डोर टू डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था ठप्प हो गई है। त्यौहार शुरु हो गए है। गंदगी से आम आदमी रोज दो-चार हो रहा हैं।नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने कहा कि जिन ठेकेदारों को सफाई व्यवस्था से हटाया गया है. उनकी जगह नई व्यवस्था नहीं की गई. जिससे कचरा कलेक्शन करने का काम ठप पड़ा है. उन्होंने आरोप लगाया कि आम जनता अपनी शिकायतें लेकर नगर निगम के चक्कर काट रही है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही. कांग्रेस पार्षदों ने शहर की जनता की आवाज को बुलंद करने के लिए सदन में विरोध का रास्ता अपनाया. बाद में सहमति बनने पर इसके बाद बैठक में पेंशनर्स को मंहगाई राहत, भूखण्डों का आवंटन निरस्त करने, लीज नवीनीकरण, महापुरूषों के नाम से मार्गो के नामकरण, फ्लाई ओव्हर क्षतिपूर्ति राशि, सोलर पॉवर प्लांट लगाने, आर्डर ऑफ टर्मिनेशन जारी करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए गए।

### फ्लाईओवर को लेकर आए आमने सामने

खासकर मदनमहल–दमोहनाका फ्लाईओवर को लेकर दोनों दल आमने-सामने आ गए और एक-दूसरे पर श्रेय लेने का आरोप-प्रत्यारोप करते रहे। अध्यक्ष रिंकू विज ने जैसे ही फ्लाईओवर को जबलपुर के लिए बड़ी सौगात बताते हुए इसका श्रेय लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह को दिया और उनके अभिनंदन का प्रस्ताव रखा, तभी कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा ने तीखा विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि इस फ्लाईओवर की नींव पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने रखी थी और इसकी पुष्टि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने खुद मंच से की थी। इस पर भाजपा पार्षदों ने कड़ा विरोध किया और दोनों दलों के पार्षदों में जोरदार बहस छिड़ गई। हंगामा बढ़ता देख महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बीच-बचाव करते हुए कहा, "फ्लाईओवर की धुरी में मैं खुद बैठा हूं, इसलिए जितना मैं इस विषय को जानता हूं शायद और कोई नहीं जानता।"

### अन्य मुद्दों पर भी गरमाया माहौल

साधारण सभा की कार्यवाही की शुरुआत में विपक्ष ने प्रस्तावों पर चर्चा से पहले अन्य मुद्दों पर बहस की मांग की। विपक्ष का कहना था शहर में कचरा गाड़ियां एक-एक सप्ताह तक नहीं पहुंच रहीं, इस पर चर्चा जरूरी है। टैक्स में भारी विसंगतियां हैं, इन्हें दूर करने के उपाय पर चर्चा हों। नगर निगम अपनी उपलब्धियां गिनाने की बजाय केंद्र और प्रदेश सरकार के काम गिनाता है, जबकि जनता निगम से जवाब चाहती है। अध्यक्ष बार-बार विपक्ष को परंपरा का हवाला देते हुए प्रस्तावों पर चर्चा की ओर लौटने का आग्रह करते रहे, लेकिन विपक्ष अड़ा रहा। करीब डेढ़ घंटे तक बैठक आगे नहीं बढ़ पाई।

### महापौर का पलटवार

काफी देर तक चले हंगामे के बाद महापौर अन्नू ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि, "कांग्रेस पार्षदों के कहने से न तो जनता परेशान होगी और न ही पार्षद। आंकड़े साफ बताते हैं कि जबलपुर प्रदेश के दूसरे शहरों की तुलना में सबसे तेजी से तरक्की कर रहा है। कांग्रेस न जनता के लिए चिंतित है और न ही पार्षदों के लिए, वे सिर्फ ठेकेदारों के हित में बात कर रहे हैं।" उन्होंने विपक्ष की मांग को परंपरा के विरुद्ध बताते हुए सिरे से नकार दिया और कहा कि शहर की जनता प्रसन्न है तथा विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं।



## लेफ्टिनेंट जनरल ने मुख्यालय मध्य भारत एरिया एवं फोर्मेशन्स का दौरा किया

**जबलपुर।** लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, मध्य कमान ने जबलपुर छावनी का दौरा किया और मुख्यालय मध्य भारत एरिया तथा अधिनस्थ संरचनाओं की संचालन एवं प्रशासनिक तैयारियों का अवलोकन किया। मुख्यालय मध्य भारत एरिया में आगमन पर उनका स्वागत लेफ्टिनेंट जनरल पदम सिंह शेखावत, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, मध्य भारत एरिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर आर्मी कमांडर को जनरल ऑफिसर कमांडिंग, मध्य भारत एरिया द्वारा संचालनिक एवं प्रशासनिक तैयारियों, निर्माणाधीन परियोजनाओं, तकनीकी एवं रणनीतिक प्रगति, रसद आपूर्ति तत्परता तथा मानवीय सहायता एवं आपदा राहत कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। आर्मी कमांडर, मध्य कमान ने इस दौरान उत्कृष्ट सेवा और समर्पण के लिए चयनित सैनिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया। इसके पश्चात आर्मी कमांडर, मध्य कमान ने मुख्यालय मध्य भारत एरिया के अधिनस्थ जम्मू एंड कश्मीर रायफल्स रेजिमेंटल सेंटर का दौरा किया, जहाँ उन्हें नवगठित लाइट कमांडो बटालियन की जानकारी प्रदान की। इसी के साथ उन्होंने हथियार एवं उपकरणों का जायजा लिया तथा अग्निवीरों के प्रशिक्षण की समीक्षा भी की। इसके बाद आर्मी कमांडर 1 सिग्नल ट्रेनिंग सेंटर के लिए रवाना हुए। इस दौरान, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ को विशिष्ट प्रौद्योगिकी प्रयोगशालाएँ दिखाई गईं, जिनमें साइबर सुरक्षा, आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT), ड्रोन और 3D प्रिंटिंग तथा संवर्धित/आभासी वास्तविकता (AR/VR) शामिल थीं। प्रदर्शनों में AI-आधारित मॉडल जैसे इंटरैक्टिव ड्रिल नर्सरी, स्टडी मेट AI और कोडर मास्टर, स्मार्ट सैनिक निगरानी प्रणाली जैसी IoT परियोजनाएँ, ड्रोन निर्माण और बाधाओं पर आधारित प्रशिक्षण शामिल थे। तत्पश्चात, आर्मी कमांडर ने मिलिट्री कॉलेज ऑफ मटेरियल मैनेजमेंट (एमसीएमएम) का भी दौरा किया।



# कर्तव्यपथ पर शहीद हुए प्रधान आरक्षक अभिषेक शिंदे

### आरोपी पकड़ने निकले बहादुर जवान की सड़क दुर्घटना में मौत

हरिभूमि, जबलपुर।

जबलपुर पुलिस बल ने अपने एक जांबाज साथी को खो दिया। थाना लार्डगंज चौकी यादव कॉलोनी में पदस्थ प्रधान आरक्षक अभिषेक शिंदे ड्यूटी निभाते हुए सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए और इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। बुधवार रात शिंदे अपने साथियों एएसआई दानी सिंह और आरक्षक आशुतोष भारती के साथ आरोपी को पकड़ने निकले थे। अंधमुक बायपास के पास सर्विस रोड पर पीछा करते समय एक तेज रफ्तार बुलेरो ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल शिंदे को तत्काल मेडिकल कॉलेज लाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली।

**जबलपुर पुलिस ने दी अश्रुपूरित विदाई**

### पुष्पचक्र अर्पित कर दी अंतिम विदाई

गुरुवार को तिलवारा घाट पर पुलिस विभाग ने उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी। आईजी प्रमोद वर्मा, डीआईजी अतुल सिंह और पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने पुष्पचक्र अर्पित कर अंतिम विदाई दी। उपस्थित अधिकारियों और जवानों ने मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को धैर्य की शक्ति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर एएसपी जितेन्द्र सिंह, आरआई जेपी आर्य, कंट्रोल रूम प्रभारी सतीश झारिया समेत समस्त सीएसपी, थाना प्रभारी और बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### कर्मठ और समर्पित जवान

कर्तव्यपथ पर शहादत देने वाले अभिषेक शिंदे की असामयिक मृत्यु ने पूरे पुलिस परिवार को गहरे शोक में डुबो दिया है। सहकर्मियों के अनुसार, शिंदे हमेशा निडर, कर्मठ और समर्पित जवान के रूप में याद किए जाएंगे। शिंदे अपने पीछे पत्नी दो बच्चों, माता-पिता समेत भरापूरा परिवार है।

### क्यूआर कोड के साथ छेड़छाड़ कर 25 हजार की पेमेंट का घोटाला

**जबलपुर।** गणेश पर्व के दौरान कोतवाली थाना अंतर्गत बड़े फुहारे पर गणेश मूर्ति लगाने वाले एक दुकानदार के क्यूआर कोड के उपर के उपर किसी अज्ञात व्यक्ति ने अपना क्यूआर कोड चिपका कर करीब 25 हजार की राशी का भुगतान कर लिया. दुकानदार ने इस मामले की शिकायत कोतवाली थाने में की है। गढ़ा निवासी पीड़ित युवक कमलेश चक्रवर्ती ने बताया की उसने गणेश पर्व के लिये बड़े फुहारे में मूर्ति की दुकान लगाई थी, आनलाईन पेमेंट के लिये क्यूआर कोड स्कैनर रखा था. जिसमें किसी अज्ञात व्यक्ति ने छेड़छाड़ कर अपना क्यूआर कोड चिपका दिया, लिहाजा आनलाईन पेमेंट उसके खाते में जाने लगी. दुकान में भीड़भाड़ थी, इसलिये वह ध्यान नहीं दे पाया।शाम 6.30 पर उसका ध्यान गया की खाते में पेमेंट नहीं आ रही है।

### नवागत महाप्रबंधक सम्पदा सराफ का सख्त संदेश, किया निरीक्षण

# गुणवत्ता और त्वरित सेवा पर रहे जोर

हरिभूमि, जबलपुर।

मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड की नवागत मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) सम्पदा सराफ ने पदभार ग्रहण करते ही सख्त तेवर दिखाते हुए आज मानव संसाधन कार्यालय, 1912 कॉल सेंटर और पालनाघर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपभोक्ता शिकायत निवारण तंत्र और कॉल सेंटर एजेंटों के कार्यों की गहन समीक्षा की। कॉल अटेंडिंग, फॉलोअप, लंबित शिकायतें और उनके समाधान की गति पर उन्होंने विशेष ध्यान दिया। श्रीमती सराफ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### वन टू वन हुई चर्चा

उन्होंने कर्मचारियों से खुलकर संवाद किया और उनकी समस्याएं व सुझाव सुने। साथ ही सभी अनुभागों में पारदर्शिता, दक्षता और कार्यकुशलता बढ़ाने पर जोर दिया। क्विक डेस्क हेल्पलाइन का विशेष उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायतें प्राथमिकता पर निपटाई जाएं और हर कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरा हो।



### पालनाघर को मिली सराहना

पालनाघर के निरीक्षण के दौरान श्रीमती सराफ ने बच्चों की सुरक्षा और सुविधाओं को सराहा, लेकिन साथ ही व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के लिए सकारात्मक कार्य वातावरण और उनके परिवारजनों के लिए सुरक्षित सुविधाएं कंपनी की जिम्मेदारी है।

### सुधार, समाधान और बेहतरी प्राथमिकता

कंपनी सूत्रों के अनुसार नवागत महाप्रबंधक का यह पहला निरीक्षण न सिर्फ कर्मचारियों के लिए सख्त चेतावनी माना जा रहा है बल्कि उपभोक्ताओं के लिए उम्मीद की नई किरण भी। उनकी प्राथमिकता है सेवाओं में सुधार, शिकायतों का त्वरित समाधान और मानव संसाधन का बेहतर उपयोग।

### विद्यार्थियों के लिए आधार अब विद्यालय के द्वार अभियान की समीक्षा

# अकाउंट अपडेशन का कार्य समय सीमा में पूरा करें

जबलपुर।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शहरी क्षेत्र विकासखंड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्यों, बीआरसी, बीएसी, जनशिक्षकों की आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया. जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी एवं डीपीसी योगेश शर्मा ने निर्देश दिए कि विद्यार्थियों का आधार अब विद्यार्थियों के द्वार अभियान अंतर्गत शहरी क्षेत्र में आधार अपडेशन के कार्य में तेजी लाएं. जिससे समस्त पात्र छात्र-छात्राओं को शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके. आधार अपडेशन के लिए शहरी क्षेत्र में पांच केंद्र बनाए गए हैं जिसमें महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय , रानी दुर्गावती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ा , शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तमरहाई दमोहनाका, शासकीय उच्चतर कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यौहारबाग , शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गणेशगंज आधार अपडेशन केंद्र बनाए गए हैं.इस हेतु 5 वर्ष से 7 वर्ष की आयु वर्ग तथा 15वर्ष से 17 वर्ष आयुवर्ग तक के छात्र-छात्राओं का आधार अपडेशन निःशुल्क किया जा रहा है. बाकी आयु वर्ग के लिए 50 का न्यूनतम शुल्क निर्धारित है. शासकीय योजनाओं के लाभ के लिए बच्चों का आधार अपडेशन अनिवार्य है अतः समस्त शासकीय, अशासकीय विद्यालय इस कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करें.इसके साथ साथ विभाग की समस्त योजनाओं का समय पर सफल क्रियान्वयन हो यह भी सुनिश्चित करें.

बैठक में सहायक संचालक आर के बधान, एपीसी मोनिका लकड़ा,बीईओं सरिता तंतुवाय ,बीएसी अजय रजक, सहित शहरी क्षेत्र सभी प्राचार्य, बीएसी जनशिक्षक उपस्थित रहे।

## स्मार्ट सिटी अस्पताल का सच...

### अस्पताल रजिस्ट्रेशन में डॉक्टर की डिग्री पर खेल, खरे बना 'डॉक्टर–डायरेक्टर'

# फर्जी पहचान, झूठे दावे और राजनीतिक टिकट तक की कोशिश!

हरिभूमि, जबलपुर।

हरिभूमि फॉलोअप

स्मार्ट सिटी अस्पताल और इसके संचालक अमित खरे पर लगातार नए खुलासे सामने आ रहे हैं। अब यह भी उजागर हुआ है कि जिस अस्पताल को खरे अपने नाम से चलाने का दावा करता है, उसका रजिस्ट्रेशन दरअसल डॉ. सुभाष कुमार की डिग्री के आधार पर हुआ था। डॉ. सुभाष वहां केवल बतौर ड्यूटी डॉक्टर आते हैं, जबकि खरे को केवल केयर टेकर बनाया गया था। इसके बावजूद अमित खरे खुद को न केवल डॉक्टर बताता है बल्कि अस्पताल का डायरेक्टर भी प्रचारित करता है।




### सोशल मीडिया पर फर्जी साम्राज्य

खरे की असलियत केवल अस्पताल तक ही सीमित नहीं है। सोशल मीडिया पर उसने फेसबुक और इंस्टाग्राम में दर्जनों फर्जी आईडी बनाकर अपना झूठा महिमामंडन रच डाला। अपनी ही पोस्ट पर कमेंट और समर्थन दिखाकर वह खुद को चर्चित और प्रभावशाली व्यक्तित्व साबित करने की कोशिश करता रहा।

### राजनीति में पैर जमाने की नाकाम कोशिश

फर्जीवाड़े का यह खेल राजनीति तक भी पहुंचा। विधानसभा चुनाव के दौरान खरे ने खुद को भाजपा समर्थक बताते हुए पन्ना जिले की पवई सीट से टिकट की दावेदारी पेश कर दी थी। हालांकि पार्टी ने उसकी दावेदारी को सिरे से खारिज कर दिया। टिकट न मिलने पर खरे ने अचानक रंग बदलते हुए समाजवादी पार्टी का रुख किया। खजुराहो दौरे पर पहुंचे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात कर उन्होंने टिकट की मांग की। लेकिन अखिलेश ने न तो सदस्यता दी और न ही टिकट।

### फर्जी सोशल मीडिया आईडी से प्रचार, राजनीति में घुसपैठ की नाकाम कोशिश

### प्रशासन और राजनीति पर गहरे सवाल

अब बड़ा सवाल यह है कि जिस शख्स का अस्पताल रजिस्ट्रेशन ही दूसरे की डिग्री पर आधारित है, जो खुद को फर्जी तरीके से डॉक्टर-डायरेक्टर बताता है, दर्जनों फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट से प्रचार करता है और राजनीति में जगह बनाने की कोशिश करता है उस पर अभी तक कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई? क्या खरे का यह फर्जी साम्राज्य प्रशासनिक तंत्र की मिलीभगत से फल-फूल रहा है या फिर यह पूरा खेल राजनीतिक संरक्षण के सहारे चल रहा है?

# सिटी नहीं संभाल सकते तो करा लो ट्रांसफर

### चीफ इंजीनियर की बैठक में सरेआम फटकार, जबलपुर रीजन के एसई अरोरा बने निशाने पर

हरिभूमि, जबलपुर।

जबलपुर रीजन के सिटी संभाग की बिगड़ी बिजली व्यवस्था और गिरता राजस्व अब कंपनी प्रबंधन के लिए सिरदर्द बन चुका है। उपभोक्ता परेशान हैं, राजस्व लगातार नीचे गिर रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी सुध लेने को तैयार नहीं। इसी लापरवाही का खामियाजा गुरुवार को मुख्य अभियंता केएल वर्मा की बैठक में एसई सिटी संजय अरोरा को भुगतना पड़ा।

बैठक के दौरान चीफ इंजीनियर केएल वर्मा ने अधिकारियों के सामने साफ शब्दों में अरोरा को कहा "अगर सिटी संभाग नहीं संभल रहा तो यहां टिकने की जरूरत नहीं, किसी और जिले में तबादला करा लो।" इस सख्त टिप्पणी ने पूरे अमले में खलबली मचा दी।

### फील्ड विजिट से गायब, अधीनस्थों पर अविश्वास

सूत्रों के मुताबिक, अरोरा न तो फील्ड में जाते हैं और न ही उपभोक्ता समस्याओं को समझने की कोशिश करते हैं। यही नहीं, वे अपने अधीनस्थ अधिकारियों और अभियंताओं पर भी भरोसा नहीं करते। परिणामस्वरूप, सिटी संभाग की बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है और राजस्व संग्रह में लगातार गिरावट दर्ज हो रही है।

### पहली बार एसई को सार्वजनिक फटकार

पूर्व क्षेत्र विद्युत कंपनी के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी एसई को पूरे रीजन के अधिकारियों के सामने इतनी कड़ी फटकार मिली हो। आमतौर पर वरिष्ठ अधिकारियों की नाराजगी बंद कमरों में सीमित रहती है, लेकिन इस बार चीफ इंजीनियर ने स्पष्ट संदेश दिया कि नतीजे चाहिए, बहाने नहीं।

### अधिकारियों में खलबली

चीफ इंजीनियर की तल्ख टिप्पणी के बाद अब सवाल उठ रहा है कि क्या अरोरा अपनी कार्यशैली सुधारेंगे या फिर उनका तबादला किसी अन्य जिले में कर दिया जाएगा। फिलहाल इतना तय है कि बिजली व्यवस्था की अव्यवस्था और गिरते राजस्व पर कंपनी प्रबंधन अब समझौता करने के मूड में नहीं है।

## साज-सज्जा के बीच प्रतिमाओं की स्थापना ने पकड़ी गति

# गणेश उत्सव पर्व की धूम शुरू

जबलपुर।

शहर में गणेश उत्सव की धूम शुरू हो गई है। इस धार्मिक महापर्व का आज तीसरा दिन है। सड़कों पर गणेश उत्सव समितियों द्वारा साज-सज्जा की तैयारियां की जा रहीं हैं। गणेश पंडालों में साज सज्जा को अंतिम रूप दिया जा रहा है। किसी भी तरह से मेहनत करके समिति के कार्यकर्ता एक से बढ़कर एक सजावट और झांकियां बनाने में लगे हैं। अनेक स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं की स्थापना भी कर दी गई है। वहीं कई पंडालों में स्टेज को अंतिम रूप दिया जा रहा है।सुबह-शाम गणेश पंडालों में ''जय गणेश, जय गणेश देवा'' की गूंज सुनाई देने लगी है। हर तरफ गणेश उत्सव की तैयारियां चरमोत्कर्ष पर है। अगले दो-चार दिनों में जब साज-सज्जा के साथ-साथ गणेश प्रतिमाओं की स्थापना का काम पूरा होगा तब गजानन के दर्शनार्थ सड़कों पर भीड़ प्रारंभ हो जाएगी। शहर में श्री साईं गणेश उत्सव समिति छोटी महाकौशल स्कूल, महाराष्ट्र मंडल, महाराष्ट्र स्कूल, त्रिमूर्ति कला मंदिर साठियां कुआं, संस्कार सेवा समिति मालवीय चौक में विशाल और आकर्षक गणेश प्रतिमाओं की स्थापना कर दी गई है। अंकुर युवा संस्था कोतवाली के अलावा उपनगरीय क्षेत्र सदर, गोरखपुर में अभी गणेश पंडालों की साज सज्जा का काम चल रहा है।

## रजत गणेश दर्शन हेतु उमड़ रही भीड़



लालपुर रोड स्थित श्री सिद्ध रजत गणेश मंदिर चांदी वाले गणेश जी में द्वितीय दिवस का पूजन अर्चन हुआ, प्रातः काल में प्रभु श्री गणेश का सहदाभिषेक हुआ, सायंकाल प्रभु श्री गणेश का काजू से अर्चन किया गया। द्वितीय दिवस के अवसर पर स्वामी श्री प्रमोद जी महाराज ने बताया की सृष्टि के उत्पादन में आसुरी शक्तियों द्वारा जो विघ्न बधाएं उपस्थित की जाती थी उनका निवारण करने के लिए स्वयं परमात्मा गणपति के रूप में प्रकट होकर ब्रम्हा जी कार्यो में सहायक हुए। सायंकालीन भव्य महारती का आयोजन हुआ जसमे शहर के हज़ारो भक्त शम्मिलित हुए मुख्य रूप से श्री मति ज्योति, डॉ किरण द्वारा भगवान का श्रृंगार किया गया। पूजन अर्चन आचार्य रामकिशोर द्वारा सम्पन्न कराया गया, गौरव मिश्रा , सुनील दुबे , सरिता गुप्ता आदि पूजन में सम्मिलित हुए।

## श्री राम ग्रुप जबलपुर द्वारा दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी आज और कल

**जबलपुर।** श्री राम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एवं इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर (इंडिया) के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 29-30 अगस्त को श्री राम कॉलेज परिसर के ऑडिटोरियम हॉल में किया जा रहा है। यह अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी "द एआई रिवोल्यूशन : रीडेफिनिंग "ग्लोबल प्रोग्रेसेस" विषय पर आयोजित की गई है, जिसका शुभारंभ 29 को प्रातः 10 बजे से होगा। इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ. राजेश वर्मा (कुलगुरु, आरडीवीवी), विशिष्ट अतिथि डॉ. जीएस तोमर (चेप्टर हेड-आईईईई एमपी) एवं चेयरमेन आर. करसोलिया होंगे। इस अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में विदेशों के अनेक सदस्य भाग ले रहे हैं, जिसमें विषय विशेषज्ञ डॉ. सुधीर मिश्रा (डीआरडीओ), डॉ. अरुण तिमलसिना (त्रिभुवन यूनिवर्सिटी, नेपाल), डॉ. अपराजिता ओझा (ट्रिपल आईटीडीएम), डॉ. प्रदीप कुंडु (बेल्जियम), डॉ. प्रवीण कुमार पेम्मासानी (यूएसए), कृष्णा सी गोनूगुटा (नेवादा, यूएस), निखिल जैन (सेंट फ्रांसिस्को, यूएसए), डॉ. सौमाजीत प्रेमानिक (आईआईटी भोपाल) के साथ कई अन्य विषय विशेषज्ञ अपने व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ ही कॉलेज के ग्रुप डायरेक्टर डॉ. एल.के. पटेल, डायरेक्टर डॉ. योगेश मोहन दुबे, प्राचार्य डॉ. शैलेष गुप्ता, डॉ. समीर वैद्य, डॉ. अविनाश गौर, डॉ. अतुल दुबे, प्रो. निधि मिश्रा, डॉ. नाजनीन दुबे, डॉ. रीतेश यादव, डॉ. अरुण पटैल, डॉ. भरत सोलंकी, डॉ. आशीष गुप्ता, डॉ. प्रशांत शर्मा, डॉ. सपना जैन चौधरी उपस्थित रहेंगे।



## आओ स्वदेशी अपनाएं पर हुई संगोष्ठी

**जबलपुर।** स्वदेशी ही जीवन का मूल मंत्र है भारत की संस्कृति धर्म और संस्कृत राष्ट्र का निर्माण करती है किसान मजदूर व्यापारी उद्योगपति देश के विकास के लिए ऐहम कड़ी है, अब समय आ गया है भारत को अपनी मजबूत अर्थव्यवस्था के साथ विश्व को दर्शन करने का स्वदेशी अपनाने का हमारी मजदूरों द्वारा हमारे किसानों द्वारा हमारी उद्योगपतियों द्वारा जिन वस्तुओं का निर्माण हो रहा है उन्हें हम खरीद कर खुद्दार व्यापारियों के साथ-साथ अपने देश की बनी वस्तुओं का अधिक से अधिक उपयोग करें, हमारी अर्थव्यवस्था हमारी सरकार सब यही चाहते हैं। हमें विदेशी वस्तुओं से दूरियां बनाना है ताकि हमारा देश सुरक्षित रह सके। आज हम सब संकल्प लें स्वदेशी का सदैव उपयोग करेंगे, कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ संस्कारधानी के व्यापारियों से आह्वान करता है स्वदेशी वस्तुओं को बाजार में बेचें, अपने लोगों का भला करें। आओ स्वदेशी अपनाएं अनेक संगठन से यमेश चौधरी, श्रीमती संध्या दुबे, सीएल सोनी, रमेश दीक्षित, प्रकाश जैन, सुरेंद्र असाटी, महेश मिश्रा, विजय साहू, कामिनी जायसवाल, विनोद दुबे, आरएस पांडेय, राकेश चक्रवर्ती, आदि उपस्थित थे।



## मुस्लिम लीगल एड एंड वेलफेयर सोसाइटी का मिलन समारोह संपन्न

**जबलपुर।** मुस्लिम लीगल एड एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा एक मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें समाज के अधिवक्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपना परिचय दिया व वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने जूनियर अधिवक्ताओं को सुगमता से जरूरतमंदों को निःशुल्क न्याय सहायता उपलब्ध करने हेतु मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर सोसाइटी के सदस्यों ने जरूरतमंदों को निःशुल्क न्याय उपलब्ध कराने के लिए संकल्प भी लिया।अध्यक्ष शबाब खान व उपाध्यक्ष रिजवान खान ने कहा कि सोसाइटी समाज में न्याय और समानता को बढ़ावा देने के लिए काम करती है। इस मौके पर स्टेट बार काउंसिल सदस्य अहादुल्ला उस्मानी, रासिद सुहैल सिद्दीकी, मुख़्तार अंसारी, टी.के फरीदी, शमीम अहमद, जी.एम कुरैशी, फिरोज अंसारी, सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण, उपस्थित थे।

## महाकोशल क्रीड़ा परिषद का 26वां खेल अलंकरण समारोह आज

**जबलपुर।** हॉकी खेल के जादुगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस 29 अगस्त राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर महाकोशल क्रीड़ा परिषद के तत्वावधान में 29 अगस्त को मानस भवन में शाम 06 बजे से महाकोशल खेल रत्न अलंकरण समारोह 2025 का शुभारंभ लेफ्टिनेंट जनरल पीएस शेखावत भारतीय सेना के परमवीर चक्र विजेता योगेन्द्र सिंह यादव, अर्जुन अवार्ड पूर्व ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी सैयद जलालुद्दीन रिजवी की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ होगा। इस अवसर पर बांसुरी की धुन पर हनुमान चालीसा की प्रस्तुति के पश्चात पेंचक सिलाट, मलखम्ब एवं राष्ट्रीय स्तर पर खिताब विजेता खिलाड़ियों के द्वारा राष्ट्र भक्ति ट्यून पर बॉडी बिल्डिंग का प्रदर्शन किया जाएगा, तत्पश्चात अतिथियों को मंच पर आसीन किया जाएगा एवं समवेत स्वर में राष्ट्रगान का गायन किया जाएगा।

## एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के दो कार्मिक आज होंगे सेवानिवृत्त

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के दो कार्मिक आज 29 अगस्त को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

**सतीश गुप्ता-** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन कार्यालय में अनुभाग अधिकारी के पद पर कार्यरत सतीश गुप्ता 39 वर्षों की सेवा के उपरांत आज 29 अगस्त को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

**एसपी जोशी-** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के महाप्रबंधक वित्त एवं लेखा कार्यालय में अनुभाग अधकिारी के पद पर कार्यरत एसपी जोशी 40 वर्षों की सेवा के उपरांत आज 29 अगस्त को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

## मप्र आदिवासी विकास परिषद ने ज्ञापन सौंपा

### बालक छात्रावास कुंडम के दोषी अधिकारी कर्मचारियों पर की जाए कार्रवाई

जबलपुर।

मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद जबलपुर के जिला कार्यवाहक अध्यक्ष एवं अजाक्स संभागीय अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह तेकाम ने बताया कि जिला कलेक्टर एवं संभाग उपायुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग को अजाक्स एवं परिषद ने सयुक्त रुप से मिलकर ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि शासकीय सीनियर बालक छात्रावास हरदुली विकासखंड कुंडम जिला जबलपुर में दिनांक 20 अगस्त 2025 को 14 छात्र खाने में लापरवाही के कारण फूड पॉइजनिंग के वजह से बीमार हो गए थे। समय पर ठीक से इलाज नहीं होने के कारण एक आदिवासी 9वीं का छात्र राजाराम धुर्वे उम्र 14 वर्ष निवासी ग्राम बिल्टुकरी विकासखंड कुंडम का निधन हो गया था, जो कि छात्रावास अधीक्षक गजेंद्र झरिया एवं जनजाति कार्य विभाग के अधिकारियों का घोर लापरवाही के कारण हुआ है। इसलिए सभी संबंधित कर्मचारी और अधिकारी गणों को निलंबित करते हुए कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को तत्काल 50 लाख मुआवजा प्रदान किया जाए अन्यथा समस्त आदिवासी समाज तीव्र आंदोलन हेतु बाध्य होगा। संघ के राजेन्द्र सिंह तेकाम, योगेश चौधरी, मुन्ना मरावी, धीरेन्द्र संजू ठाकुर, रामकुमार सैयाम, बालकृष्ण उइके आदि ने मांग की।





## सेंट जेवियर्स स्कूल ने कैमोरी गाँव को अपनाया

जबलपुर।

सेंट जेवियर्स हाई स्कूल, गुप्तेश्वर ने रायन ग्रुप के चेयरमेन डॉ. ए.एफ. पिंटो और प्रबंध निदेशिका मैडम ग्रेस पिंटो के दूरदर्शी मार्गदर्शन में एक सराहनीय पहल की है। इस पहल के अंतर्गत विद्यालय ने जबलपुर जिले के पाटन क्षेत्र के समीप स्थित कैमोरी गाँव के संपूर्ण समुदाय परिवर्तन के लिए अग्रसर हुए। इस अभियान के अंतर्गत सेंट जेवियर्स के विद्यार्थियों ने गाँव का भ्रमण किया और विभिन्न सामुदायिक कल्याणकारी कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया।

ग्राम पंचायत सदस्यों के साथ चर्चा, जिससे गाँव के विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त हुई। पर्यावरण जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक (स्किट), जिसमें प्रकृति की सुरक्षा के महत्व को उजागर किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम, जिसमें विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने मिलकर पौधे लगाए। यह पहल न केवल कैमोरी गाँव के लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाई, बल्कि विद्यार्थियों को सामाजिक उत्तरदायित्व, ग्रामीण विकास, पर्यावरण संरक्षण और समाज के प्रति सहानुभूति का व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान किया।

## बैंक ऑफ इंडिया की व्यवसाय उन्नति बैठक आयोजित

**जबलपुर।** बैंक ऑफ इंडिया जबलपुर अंचल द्वारा 25 अगस्त को फ़ील्ड महाप्रबंधक संजय श्रीवास्तव, (एफजीएमओ भोपाल) के संस्कारधानी जबलपुर प्रवास पर उनकी अध्यक्षता में, अंचल की समस्त 51 शाखाओं के शाखा प्रमुखों, ऋण प्रोसेसिंग इकाइयों (आर.बी.सी./ एसएमईसीसी/ एसकेव्हीके) एवं आंचलिक कार्यालय के सभी विभाग प्रमुखों के साथ "व्यवसाय उन्नति बैठक" का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में संजय श्रीवास्तव द्वारा जबलपुर अंचल की सभी शाखाओं की व्यावसायिक समीक्षा की गयी एवं उन्हें ग्राहक सेवा बेहतर करते हुए अधिक से अधिक व्यवसाय वृद्धि हेतु प्रेरित किया गया। महाप्रबंधक संजय श्रीवास्तव ने बैंक के विभिन्न नए उत्पादों, नयी योजनाओं एवं बैंक के क्षेत्र में हो रहे नित नए विकास कार्यों की जानकारी दी, साथ ही साथ इस दौरान रिकवरी विभाग द्वारा बुलाये गए प्रमुख एनपीए खाताधारकों से भी मुलाकात कर उनके खातों के शीघ्र निपटान पर जोर दिया गया। इस बैठक में डॉ. भंवरलाल हर्ष, सहायक महाप्रबंधक (एफजीएमओ-भोपाल) द्वारा, एनपीए रिकवरी की महत्ता पर जोर देने के साथ-साथ बैंक के डिपॉजिट (बचत खाता/ चालू खाता/ सावधि जमा) एवं रिटेल लोन को बढ़ाने हेतु पुरजोर प्रयास करने की बात रखी गई।



## कांग्रेस का 'संगठन सृजन' अभियान दिखावा सिद्ध हुआ

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कांडा ने राहुल गांधी की कांग्रेस में उनके पिता राजीव गांधी के पुतले जलाने वाले जनता दल के सौरभ नाटी शर्मा को जबलपुर शहर अध्यक्ष पद से हटाने और कांग्रेस बचाने की मांग की है। बताया गया कांग्रेस संगठन सृजन के नाम पर पूरी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को मध्यप्रदेश में बेवकूफ बनाया गया, जिससे आज कांग्रेस कार्यकर्ता अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहा है। यदि इसी प्रकार नियुक्तियां करना थी तो संगठन सृजन अभियान का दिखावा क्यों किया गया? मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कांडा, दलित नेता मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रतिनिधि राजेन्द्र चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रूपलाल यादव, दीपक सिंह राजपूत, उमेद सिंह ठाकुर सहित अनेक कांग्रेसजनों ने सौरभ नाटी शर्मा की नियुक्ति का विरोध किया है।

### महिला मोर्चा ने फूंका कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पटवारी का पुतला

## बहनों का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे : बरकड़े

**सिहोरा।** बहनों और महिलाओं के खिलाफ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा की गई टिप्पणी के खिलाफ सिहोरा एवं बघराजी मंडल में महिला मोर्चा द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी का पुतला दहन कर मुर्दाबाद के नारे लगाए।सिहोरा नगर मंडल के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में महिला मोर्चा की बहनों ने विधायक कार्यालय से रैली निकालकर पुराना बस स्टेंड में पटवारी का पुतला फूंका विधायक संतोष बरकड़े ने कहा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा लाडली बहनों के लिए की गई टिप्पणी की जितनी निंदा की जाये कम है पटवारी ने जिस तरह से उक्त बयान दिया वह उनकी ओछी मानसिकता एंव पार्टी की महिलाओं के प्रति सोच को दर्शाता है । बहनों का अपमान किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। पुतला दहन कार्यक्रम में संध्या दिलीप दुबे नगर पालिका परिषद अध्यक्ष,रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री जनपद पंचायत अध्यक्ष, जिला महामंत्री राजेश दाहिया, प्रचार मंत्री, अनुपम सराफ, नगर मंडल अध्यक्ष सतीश पटेल, सरपंच के के दुबे, धर्मेन्द्र ठाकुर, अनंत नौगरहिया, पार्षद गौरादेवी विश्वकर्मा, रीता शुक्ला आदि।






**श्री प्रेम लाल मेहरा-** आमनपुर कुलियाना मोहल्ला मदनमहल निवासी श्री प्रेम लाल मेहरा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री गनपत-** रानी दुर्गावती नगर तिलहरी निवासी गनपत (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कुन्दा फाटक-** बदनपुर शक्तिनगर निवासी श्री आनंद श्यामराव की धर्मपत्नी श्रीमती कुन्दा फाटक का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री कृष्ण चंद्र गुप्ता-** वेस्टलैंड पेट्रोल पंप के सामने रांझी खमरिया निवासी श्री कृष्ण चंद्र गुप्ता (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विश्वजीत यादव-** उडिया मोहल्ला छोटी ओमती निवासी श्री विश्वजीत यादव का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नारायण ग्रांवकर-** भोंगाद्वार फिल्टर प्लांट के पास निवासी श्री नारायण ग्रांवकर (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पंचम लाल लोधी-** गढ़ा गौतम मढिया के पीछे निवासी श्री पंचम लाल लोधी (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री रज्जन लाल लोधी-** खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री रज्जन लाल लोधी (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी राव-** फकीरचंद के अखाड़ा के पास राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री रमेश राव की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी राव (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया

**श्री बिहारी गंधर्व-** ग्राम खैरी सिमरिया (पन्ना) निवासी श्री बिहारी गंधर्व (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुशीला खटीक-** खेरमाई वार्ड निवासी श्री रमेश कुमार खटीक की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला खटीक (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मोती लाल पटेल-** लक्ष्मीपुर कचनार फेस 1 विवेकानंद वार्ड निवासी श्री मोती लाल पटेल (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजीव विश्वकर्मा-** फूटाताल विश्वकर्मा मंदिर के पास निवासी श्री राजीव विश्वकर्मा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 10x3 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 10x3 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x10 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362100

## ग्राम पंचायत छेड़ी पाटन जनपद पंचायत से गायब

**भेड़ाघाट।** जबलपुर जिले में जनपद पंचायत पाटन ग्राम पंचायत छेड़ी समग्र आईडी से गायब हो गई। ग्राम पंचायत छेड़ी में 3 ग्राम आते हैं छेड़ी, इमलिया, बरखेड़ा जिसमें ग्राम पंचायत ही गायब है जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। हाल ही में आंगनवाड़ी सहायिका की योजना निकाली थी इस योजना में ग्राम की महिलाओं ने फॉर्म भरे थे ग्राम पंचायत की वजह से फॉर्म रिजेक्ट हो गए हैं क्योंकि ग्राम पंचायत में इमलिया छेड़ी है ही नहीं। समस्त ग्राम इमलिया वासियों की समग्र आईडी से ग्राम पंचायत गायब है उसकी जगह ग्राम श्रलोढ़ा आ रहा है।

### नाम सुधार

मैं, ARMY NO. 15494772N RANK SEP NAME MANISH SHRIVASTAVA S/O LATE PREM SHANKAR SHRIVASTAVA OF UNIT 1266A DSC PL, ATT HQ MB AREA, JABALPUR (MP) R / O H NO. S 360, NEHRU NAGAR, PO- TT NAGAR, TEH HUZUR, DISTT-BHOPAL, (MP)-462003 का निवासी हूँ। सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम MAHI दर्ज है जो कि अधूरा नाम है जबकि मेरी पुत्री का पूरा नाम MAHI SHRIVASTAVA है जो कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड क्रमांक- 3212 9279 0521, जन्म प्रमाण पत्र एवं मेरी पुत्री के अन्य दस्तावेजों में दर्ज है। मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का पूरा नाम MAHI SHRIVASTAVA दर्ज किया जावे शपथ पत्र दिनांक 28/08/2025 समक्ष पब्लिक नोटरी रामदास शर्मा मप्र उच्च न्यायालय जबलपुर मप्र।
पूरा नाम- MAHI SHRIVASTAVA
अधूरा नाम- MAHI

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मुश्ताक अहमद (MUSHTAQ AHMAD) पिता सईद अहमद (SAHEED AHAMAD) पता:- म.नं. 919, उत्तर मोतीनाला, वार्ड क्रं. 59, शहीद अशफाक उल्ला खां वार्ड, जिला जबलपुर मध्यप्रदेश का निवासी हूँ। मेरे पासपोर्ट नं. E7932531 में मेरा नाम त्रुटिवश (MUSHTAQ AHMED) व मेरे पिता का नाम (SAYEED AHMED) एवं मेरी माता का नाम (ZAREENA BAND) एवं मेरी जन्मतिथि 15/06/1972 दर्ज है जो कि गलत है। मेरा सही नाम (MUSHTAQ AHMAD) एवं मेरे पिता का सही नाम (SAEED AHAMAD) एवं मेरी माता का सही नाम (ZARINA BANO) एवं मेरी जन्मतिथि 25/06/1975 है जो कि मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में दर्ज है।

अतः भविष्य में मेरे पासपोर्ट में मेरा सही नाम, मेरे पिताजी का सही नाम, मेरे माताजी का सही नाम एवं मेरी सही जन्मतिथि दर्ज व अंकित किया जावे।

### CHANGE OF NAME

I, Army No-JC733754F, SUB, NAME-MANOJ SINGH S/O BHAGWAT SINGH of 5 MTN DOU, C/O 99 APO, R/O H NO-65, THE KANTI VILLAS COLONY, KAJAR WARA ROAD, BILHARI JABALPUR (MP) PIN-482020, AADHAR CARD NO-5471 8092 9363 I, have changed name of my DAUGHTER from RISHIKA THAKUR (name as per my Army service records) to RISHIKA SINGH THAKUR (name as per my DAUGHTER, AADHAR CARD vide affidavit dated 28/08/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME
RISHIKA SINGH THAKUR
INCORRECT NAME
RISHIKA THAKUR

### न्यायालय तहसीलदार, रांझी जबलपुर
रा.प्र.क्र./674/अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेमन्त यादव/ स्व. किशोर लाल यादव नि.- 525 घमापुर चौक मरही माता मंदिर के पास ने नजूल ब्लाक नं. 94 प्लाट नं. 97 निर्मित रकवा 3450 व.फु. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दान पत्र/ वारसान हक को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/ पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 94 प्लाट नं. 97 निर्मित रकवा 3450 व.फु./ अवि. ग्राम बेलबाग रकवा 3450 व.फु./हेक्ट. है अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 08/09/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियम दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 21/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 21/08/2025
पेशी दिनांक 08/09/2025
तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

### न्यायालय तहसीलदार, रांझी जबलपुर
रा.प्र.क्र./673/अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेमन्त यादव/ स्व. किशोर लाल यादव नि.- 525 घमापुर चौक मरही माता मंदिर ने नजूल ब्लाक नं. 96 प्लाट नं. 133/1 निर्मित रकवा 196.72 व.फु. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दान पत्र/ वारसान हक मृत्यु दिनांक 04/12/2008, 19/08/2000 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/ पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 96 प्लाट नं. 1331/1 निर्मित रकवा 196.72 व.फु./ अवि. ग्राम भरतीपुर रकवा 196.72 व.फु./हेक्ट. है अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 08/09/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियम दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 21/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 21/08/2025
पेशी दिनांक 08/09/2025
तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

### In The Court of XXVI Civil Judge Class-II, District Court, Jabalpur
Presiding Officer: अंजली राय
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(MJC/0000952/2023)
महेन्द्र कुमार पचौरी (गुप्ता) ................वादी
Vs
आम जनता.......................प्रतिवादी
Process Id- /2025
पेशी दिनांक- 02/09/2025

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता- पता जबलपुर मध्यप्रदेश
यह कि प्रार्थी महेन्द्र कुमार पचौरी (गुप्ता) ने आपके विरूद्ध एमजेसी आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 9 नियम 9 सहपठित धारा 151 सी पी सी के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से कराने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। दिनांक-28.08.2025

(सुश्री अंजली राय) न्यायाधीश
26वें व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ खण्ड)
जबलपुर (म.प्र.)

## खबर संक्षेप

### जंगल में जुआ खेलते 7 जुआरी गिरफ्तार

**उमरिया।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम के निर्देशन में जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना पाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम आमगार के जंगल में कुछ लोग हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम गठित कर दबिश दी गई। मौके से पुलिस ने सात आरोपियों को पकडऩे में सफलता हासिल की। इनके कब्जे से 6480 रुपये नगद, ताश के पत्ते और तीन मोटरसाइकिल जब्त की गईं। आरोपियों के विरुद्ध 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पकड़े गए आरोपियों में नन्हे लाल अहिरवार निवासी इंद्रावास कॉलोनी घुनघुटी, अब्दुल सरीफ उर्फ बबलू निवासी पांच नंबर कॉलोनी नौरोजाबाद, विजय यादव निवासी ग्राम पिनौरा थाना नौरोजाबाद, लल्लू उर्फ धोनी निवासी वार्ड नंबर 04 घुनघुटी, सूरज कुमार प्रजापति निवासी वार्ड क्रमांक 07 पाली, कईम खान उर्फ कालू बंडा निवासी वार्ड क्रमांक 08 पाली, वाजिद खान निवासी वार्ड 08 नौरोजाबाद शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि जिलेभर में ऐसे अवैध कार्यों पर सख्ती जारी रहेगी और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

### ट्रेन की चपेट में मौत

**गोटेगांव।** विगतदिवस पुलिस थाना गोटेगांव के तहत विक्रमपुर भिटौनी रेलवे स्टेशन के किलोमीटर ९५०/२६ पर एक अज्ञात पुरुष ४२ साल की ट्रेन से गिरने पर मौत हो गई है। पुलिस ने पंचनामा बनाने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया को पूरा किया है। वहीं इस अधेड़ की पहचान करने का प्रयास कर रही है, उसके पास से ऐसे कोई कागजात हाथ नहीं लगे है। जिससे उसका पता लगा सकें, इसलिए अज्ञात में ही मर्ग प्रकरण कायम किया है।

### अज्ञात कारणों से युवक की मौत

**नरसिंहपुर।** गत दिवस अज्ञात कारणों से युवक की मौत हो गई। पुलिस मिली जानकारी के अनुसार परम लाल पिता मंगल सिंह ठाकुर उम्र 25 वर्ष निचासी डांगीढ़ाना थाना स्टेशनगंज की तबियत बिगड़ने पर उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर परीक्षण के दौरान डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया पुलिस मर्ग पंचनामा तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनोंा के सौंप दिया।

### सींगरी नदी में बहा युवक, मौत



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। विगत दिवस नगर के मध्य से निकलने वाली सींगरी नदी को पार करते समय व्यक्ति बह गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 45 वर्षीय गुड्डू जाट उर्फ अंबानी सिंगरी नदी के तेज बहाव में बह गए। यह हादसा तब हुआ जब वे बारिश के कारण उफनाई नदी को पार करने की कोशिश कर रहे थे। शहर के किसानी वार्ड निवासी गुड्डू जाट सुबह करीब 7:30 बजे गणेश मंदिर रोड पर बने छोटे पुल को पार कर रहे थे। इस दौरान, कई लोगों ने उन्हें नदी पार न करने की चेतावनी दी, लेकिन उन्होंने इन चेतावनियों को नजरअंदाज कर दिया। पुल पार करते समय उनका संतुलन बिगड़ गया और वे नदी की तेज धारा में बह गए। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें उन्हें पुल पार करने की कोशिश करते हुए देखा जा सकता है। बताया गया है कि घटना से कुछ घंटे पहले हुई तेज बारिश के कारण नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया था। घटना की सूचना मिलने के बाद, पुलिस, होमगार्ड और एसडीआरएफ की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और गुड्डू जाट की तलाश के लिए एक बचाव अभियान शुरू किया गया है। दुसरे दिन भी पुलिस का सर्च अभियान जारी रहा लेकिन कोई पता नही चल सका है।

# महिलाओं के शराब पीने वाले बयान पर भाजपा आक्रोशित

**नौगांव।**

गुरुवार को कोठी चौराहे पर भाजपा नौगांव नगर मंडल ने पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के बयान के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए उनका पुतला फूंका। मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सोनकिया ने कहा कि हरितालिका तीज जैसे पावन पर्व पर जब महिलाएं श्रद्धा और आस्था से निर्जला व्रत रखती हैं तब इस तरह का बयान देना मातृशक्ति का घोर अपमान है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस महिलाओं के प्रति दूषित और संकीर्ण मानसिकता रखती है पटवारी को प्रदेश की सभी मातृ शक्तियों से माफी मांगनी चाहिए।



भाजपा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य अभिलाषा शिवहरे ने कहा कि कांग्रेस को जीतू पटवारी को पद से तुरंत हटा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पटवारी का बयान शर्मनाक है कांग्रेस की यह सोच प्रदेश की महिलाएं कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। पार्षद भारती साहू ने कहा देशभर में महिलाओं द्वारा शराब पीना और मध्यप्रदेश की महिलाओं द्वारा सर्वाधिक शराब का सेवन करने का बयान निंदनीय तथा अक्षम्य है।

भाजपा नेता अंजना राजपूत ने कहा की हरितालिका पर्व के दिन कांग्रेस के द्वारा मातृशक्ति का अपमान किया गया जो कांग्रेस की संकीर्ण मानसिकता दर्शाता हैं।

पुतला दहन में मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सोनकिया, सूरज देव मिश्रा,अभिलाषा शिवहरे, भारती साहू,अंजना राजपूत,मीरा सोनी, तृप्ति कठेल, किरन रैकवार, दिनेश अग्निहोत्री,दीपक दीक्षित,रूप किशोर पाठक, लव सुल्लेरे, डॉक्टर इंद्रपाल यादव, आदि मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरने से मजदूर की मौत



### परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस और अस्पताल पर लापरवाही के आरोप

**महाराजपुर।** थाना क्षेत्र के कुसमा गांव में एक निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। हालांकि परिजनों ने इसे संदिग्ध करार देते हुए हत्या की आशंका जताई और निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि हादसे की सूचना समय पर न देकर मामले को दबाने की कोशिश की गई और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक कुसमा निवासी महेन्द्र पटैरिया के मकान में निर्माण कार्य चल रहा था, जहां मजदूरी कर रहे 24 वर्षीय रोहित रजक की दीवार गिरने से दबकर मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि घटना दोपहर एक बजे की है, लेकिन न तो रोहित को इलाज दिलाया गया और न ही पुलिस को सूचना दी गई। साथ में काम कर रहे मजदूर और मकान मालिक मौके से भाग गए। शाम को जब घरवालों को जानकारी लगी और वे महाराजपुर थाने पहुंचे तो पुलिस ने उनकी बात सुनने के बजाय अभद्रता कर भगा दिया। यही नहीं, शव को पोस्टमार्टम कराने अस्पताल ले जाने पर वहां मौजूद डॉक्टर ने भी पीएम करने से इंकार कर दिया और अपमानित कर भगा दिया। इससे मृतक के परिजन घंटों न्याय के लिए भटकते रहे। आखिरकार घटना के करीब 20 घंटे बाद मीडिया के हस्तक्षेप पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और मौके का निरीक्षण किया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस आरोपियों से मिली हुई है और मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है।

# क्योंटी प्रपात में डूबीं मां-बेटी का शव बरामद

**रीवा**

जिले के सिरमौर थाना क्षेत्र में तीज त्योहार के दिन नहाने गई मॉ और बेटी क्योटी जलप्रपात के गहरे पानी में डूब मंगलवार की शाम करीब 4 बजे डूब गई थी। जिनका शव बुधवार सुबह प्रपात की गहराइयों में तलाशा गया। कड़ी मशक्कत के बाद शाम करीब 4 बजे डीआरसी टीम त्योथर ने दोनों के शव को रेस्क्यू कर बाहर निकलावया जिसके बाद उन्हे पीएम के लिए भिजवाया गया। तीज के दिन हुई घटना के बाद त्योहार की खुशियां पल भर में मातम में बदल गई । सिरमौर थाना क्षेत्र के क्योटी में मंगलवार की शाम करीब 4 बजे दुलहरा निवासी मॉ और बेटी महाना नदी में नहाने गई थी, इसी दौरान अचानक फूलवती सोधिया 45 का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चली गई। मां को डूबता देख, उसे बचाने के लिए बेटी कृषा सोधिया 20 भी पानी में कूद गई। जलप्रपात में पानी का बहाव बहुत तेज था। मां और बेटी दोनों ही बहाव में फंस गई और देखते ही देखते गहरे कुंड में समा गई। अपनी आंखों के सामने मां और बेटी को बहता देख अन्य महिलाओं ने शोर मचाया। उनकी आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तेज बहाव के कारण उन्हे नहीं बचायाजा सका। घटना के बाद सिरमौर पुलिस मौके पर पहुंची थी। बुधवार की सुबह परिजन प्रपात में नीचे उतरे मां और बेटी के शवों की तलाश शुरू कर दी कुछ ही देर में मां बेटी का शव मिल गया। इसके बाद ग्रामीणों और एसडीआरफ की टीम ने दोनों के शव को बाहर निकलवाया। जिसके बाद सिरमौर पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया है। थाना प्रभारी दीपक तिवारी ने बताया कि मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।बॉक्सखदान में डूबी महिला का शव बरामदइधर खदान में डूबी महिला का भी शव बुधवार की सुबह पुलिस ने बरामद कल लिया। चोरहटा थाने के मरहा गांव निवासी श्यामवती यादव पति ददानी (65) मंगलवार की सुबह भी घर से नहाने के लिए खदान में गई थी, जो वापस नहीं लौटी। परिजनों ने खदान में डूबने की आशंका पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस एसडीआरएफ टीम की मदद से सर्चिंग कर रही थी। बुवार की सुबह महिला का शव स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया।

# टूटी पुलिया में गिरा वाहन, मां-बेटे की मौत

**महाराजपुर।** थाना क्षेत्र में विक्रमपुर रोड पर ग्राम पुतरी के पास बनी पुलिया के टूटे होने से बड़ा हादसा हो गया। दरअसल बीती रात राजनगर से महाराजपुर आ रहे दोपहिया वाहन के पुलिया में गिर जाने से मां और बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने थाना पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया बरसात में ही बह गई थी, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन ने समय पर इसका निर्माण शुरू नहीं किया, जिसकी वजह से यह दुर्घटना हुई। घटना में राजनगर निवासी रोहित पुत्र मुन्नालाल चौरसिया उम्र 21 वर्ष और उसकी मां संध्या चौरसिया उम्र 45 वर्ष की मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे में परिवार की केवल एक छोटी बच्ची ही बची है।



ग्रामीणों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि बरसात के समय ही पुलिया बह जाने की खबर दी गई थी, लेकिन अधिकारियों ने अनदेखी की, जिसकी वजह से यह दुर्घटना घटी।

# गरीब विधवा के खाते से निकाले 60 हजार, आरोपी फरार

**उमरिया।** योजनाओं से गरीबों को राहत देने का दावा करने वाली सरकार की नीतियां भी अब ठगों के शिकंजे में आ चुकी हैं। जिले की एक विधवा महिला के साथ ऐसा ही हुआ, जब उसके प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिले पैसों पर एक युवक ने हाथ साफ कर दिया। धोखाधड़ी की शिकार महिला दर-दर भटक रही है और न्याय की गुहार लगा रही है, लेकिन पुलिस-प्रशासन की चुप्पी ने उसकी पीड़ा और गहरी कर दी है।जिले के ग्राम अचला निवासी गीताबाई बैगा, पति स्वर्गीय पवन बैगा के निधन के बाद अपने चार छोटे बच्चों के साथ जैसे-तैसे गुजर-बसर कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उसे आवास स्वीकृत हुआ। पहली किस्त 40,000 रुपये प्राप्त कर उसने निर्माण कार्य शुरू भी कर दिया, लेकिन दूसरी किस्त ने उसकी जिंदगी में बड़ा झटका दे दिया। गीताबाई का आरोप है कि भरौला निवासी सुजीत कुमार राय उसके घर पहुंचा और खुद को कम्प्यूटर का जानकार बताकर संबल कार्ड अपडेट कराने के नाम पर उसका विश्वास जीत लिया। उसने महिला से कहा कि योजना का पैसा केवल बैंक खाते के माध्यम से आएगा, इसलिये उसे स्माल फायनेंस बैंक उमरिया में खाता खुलवाना होगा।

### पहले से बनाया एटीएम, महिला को पता भी नहीं

गीताबाई ने भरोसा करते हुए खाता खुलवाया। खाते का नंबर 53230001304070 है। पहली किस्त की राशि महिला ने स्वयं निकाल ली, लेकिन दूसरी किस्त के 60,000 रुपये खाते में आने के बाद सुजीत कुमार राय ने गुपचुप तरीके से पूरा पैसा एटीएम से निकाल लिया। हैरानी की बात यह है कि गीताबाई ने कभी एटीएम कार्ड बनवाया ही नहीं। खाते खुलवाते समय ही आरोपी ने एटीएम कार्ड बनवाकर अपने पास रख लिया था।

### आरोपी ने दिया झांसा, अब लापता

जब महिला ने पैसा न मिलने की बात पूछी तो



आरोपी ने कहा कि उसने जरूरी काम के लिये रकम निकाल ली है और 13 अगस्त 2025 तक लौटा देगा। लेकिन तय तारीख बीतने के बाद आरोपी न तो घर में मिला और न ही फोन उठाया। चार बच्चों की मां गीताबाई अपने अपूर्ण मकान की अधूरी दीवारों को देखकर रोज मायूस होती है।

### थाने में रिपोर्ट, कार्रवाई ठप्प

पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत नजदीकी थाना में दर्ज करवाई थी। मगर, हफ्तों बीत जाने के बाद भी पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे गांव में यह संदेश गया है कि गरीब और निरक्षर समाज की आवाज दबाई जा रही है। विधवा महिला का कहना है कि उसके पास न पैसा है, न कोई सहारा। यदि प्रशासन ने समय रहते मदद नहीं की तो उसका सपना - प्रधानमंत्री आवास- अधूरा ही रह जाएगा।

### बैगा समाज में आक्रोश

यह घटना बैगा समाज के बीच गुस्से का कारण बनी हुई है। उनका कहना है कि सरकार की योजनाओं के नाम पर ठग गिरोह सक्रिय हैं और अधिकारी आंख मूंदकर बैठे हैं। गरीबों को आवास, रोजगार और पेंशन योजनाओं से राहत मिलनी चाहिए थी, लेकिन भ्रष्टाचार और लापरवाही से वे और कर्ज़दार व परेशान हो रहे हैं। गीताबाई बैगा ने पुलिस अधीक्षक से लिखित में गुहार लगाई है कि आरोपी सुजीत कुमार राय के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर उसे न्याय दिलाया जाए। उसका कहना है कि अब उसके पास मकान बनाने के लिए न पैसा है, न साधन। चार छोटे बच्चों के साथ उसका जीवन संकट में है।

### कब जागेगा प्रशासन?

यह मामला सिर्फ एक गरीब महिला की ठगी का नहीं, बल्कि सिस्टम की लापरवाही का आईना है। जब किसी योजना की रकम सीधे खाते में जमा होती है और बैंक-एटीएम जैसी प्रक्रियाएं पारदर्शी मानी जाती हैं, तब इस तरह से एक निरक्षर महिला को ठग लेना गंभीर सवाल खड़ा करता है। आखिरकार गरीब और असहाय वर्ग को न्याय कब मिलेगा?

# ठेकेदार और अफसरों पर पार्षद का आरोप, कहा- मनमानी से हो रहा काम

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।**

नगर में सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर अब राजनीति गरमा गई है। नगर पंचायत क्षेत्र में बन रही सड़कों पर सवाल उठाते हुए वार्ड के बीजेपी पार्षद देवेंद्र बनवासी ने गुरुवार शाम एसडीएम कार्यालय पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में पार्षद ने ठेकेदार और उपयंत्री पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

पार्षद का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है और गुणवत्ता से खुला समझौता किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पंचायत के अधिकारी और कर्मचारी इस मामले में गंभीरता नहीं दिखा रहे और बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं की जा रही। देवेंद्र बनवासी ने चेतावनी दी कि यदि इस पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।उन्होंने यह भी कहा कि जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ रहा है। नगर पंचायत प्रशासन की चुप्पी यह साबित करती है कि कहीं न कहीं मिलीभगत से यह काम कराया जा रहा है।

इधर स्थानीय नागरिकों ने भी पार्षद की बात का समर्थन किया है। उनका कहना है कि जिस सड़क पर लाखों रुपये खर्च हो रहे हैं, वह लंबे समय तक टिकेगी नहीं। लोग




खुलेआम कह रहे हैं कि यदि इसी तरह घटिया काम चलता रहा तो बरसात शुरू होते ही सड़कें टूटने लगेंगी।अब पूरे नगर की निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं। लोगों को उम्मीद है कि शिकायत की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि विकास कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे। यह देखना दिलचस्प होगा कि नगर पंचायत और जिला प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं।

# मोटर सायकल चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**हरिभूमि न्यूज:सिवनी।**

पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमती सिमाला प्रसाद के निर्देशन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी दीपक मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमती पूजा पांडे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बंडोल उ.नि. अर्पित भैरम व्दारा थाना क्षेत्र मे तत्परता से कार्यवाही की जा रही है। दिनाँक 08.08.2025 को प्रार्थी रमनसिंह पिता अमरसिंह मर्सकोले उम्र 55 साल निवासी बजरवाडा थाना बंडोल ने रिपोर्ट लेख कराया कि यह दिनांक 06/08/25 को बजरवाडा से ग्राम बांदरा जा रहा था, सेमर टोला में हरिप्रसाद के घर के सामने अपनी प्लेटिना मोटर सायकल क्रमांक **MP**-22-**ML**-2432 खडी किया था जिसको कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है, रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूध्द अप.क्र.399/25 धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबध्द किया जाकर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना के आरोपी संदेही संदीप पिता दिलीप साहू उम्र 41 साल निवासी शिवम साहू किराना स्टोर्स के पास विजय नगर थाना कलमना नागपुर महाराष्ट्र हाल निवासी संजय कालोनी छपारा से सख्ती से पूछताछ की गई जिसने घटना दिनाँक 06-08-25 को मोटर सायकल क्रमांक **MP**-22-**ML**-2432 प्लेटिना कंपनी की चोरी करना तथा बीसावाडी रोड पुराने क्रेशर के पास खंडहर झाडियां में छिपाना स्वीकार किया है, आरोपी संदीप साहू से चोरी की गई मोटर सायकल प्लेटिना कंपनी की कीमती 35000/- रूपये के जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया है व आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सिवनी पेश कर जेल दाखिल कराया।

### फाईनेस कर्मचारी के साथ की मारपीट

**चीचली।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये ग्राम आंडेगांव निवासी व महिन्द्रा होम फायनेस कंपनी के कर्मचारी द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस जब वही चीचली निवासी सद्दाम खान के घर होम लोन की किश्त लेने जा रहा था। उसी समय समीर खान आया और प्रार्थी को लोन की किश्त के रूपये की बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### तोडफोड करते हुये क्षति पहुंचाई

**चीचली।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस अम्बेडकर वार्ड निवासी एक किराना दुकान के संचालक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे चाचा का लड़का ब्रजेश अहिरवार जो पुरानी बुराई को लेकर रंजीश रखता है। बीते हुये दिवस ब्रजेश घर के सामने आया और पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मनाा किया तो आरोपी द्वारा प्रार्थी के साथ मारपीट की गई। जब प्रार्थी की पत्नी बीच बचाव करने के लिये आई तो उसके साथ भी मारपीट करने के साथ लोहे के पाईप से दुकान में रखी हुई फ्रिज में तोड़फोड करते हुये क्षति पहुंचाई।

# अपने ही परिवार में चोरी करने वाले युवक को मिली जमानत

**वारासिवनी।**

ऑनलाईन गेम की लत के कारण अपने ही घरों में चोरी करने वाले युवक के मामले को लेकर गुरुवार को अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अभिषेक चौधरी ने एक प्रेस वार्ता पुलिस थाना वारासिवनी में आयोजित की। जिसमें उन्होंने युवक द्वारा गिरवी रखे गए जेवरों व नगदी रकम की बरामदगी की जानकारी देते हुए घटना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री चौधरी के अनुसार चोरी के आरोप में गिरफ्तार युवक सिद्धांत दमाहे को ऑनलाईन गेम फाच्र्यून पी पी 2.काम की लत लगी हुई थी। थी। इस गेम मेंपैसा हारने के बाद दोबारा खेलने के लिए पैसे की जरुरत पडऩे पर उसने अपने ही घर और पड़ोसियों की अलमारियों का ताला खोलकर सोने-चांदी के आभषूण एवं नगदी राशि चोरी की और आभूषणों को गिरवी रख दिया। उसके बाद इस राशि को भी उसके द्वारा ऑनलाईन गेम में लगा दिया गया, जिसे वह हार गया था। श्री चौधरी के अनुसार आरोपी युवक सिद्धांत ने पड़ोसन सुनीता दमाहे के घर से सोने का मंगल सूत्र 10 मनी एवं सोने का झुमका, गजेन्द्र दमाहे की अलमारी से सोने का हार एवं चाँदी की पायल, राजेन्द्र दमाहे की अलमारी से सोने का हार, झुमके, टाप्स, अंगूठी, नथ, गले का लंबा हार, चाँदी की पायल एवं कंगन सहित 36000 रुपये नगद तथा देवेन्द्र दमाहे की अलमारी से सोने का हार एवं 25000 रुपये नगद चोरी किया था। जिनकी कुल लागत लगभग 8 लाख रुपये होती हैं।

## ट्रक ट्रांसपोर्ट का काम कर रहीं बसें, टनों माल किया जा रहा परिवहन

# बसों से हो रहा करोड़ों का माल परिवहन बिना बिल, ई-वे बिल, प्रतिबंध की मांग

आत्माराम सोनी ▶▶| भोपाल

निजी बस यानी पैसेंजर बस संचालकों द्वारा यात्रियों से ज्यादा माल का अवैध परिवहन किया जा रहा है। ऐसा करके निजी बस ऑपरेटर माल लादकर लाने व ले जाने के खेल से करोड़ों की कमाई कर रहे हैं। राजधानी सहित मध्यप्रदेश और देशभर में चल रही अधिकांश बसों में नियमों की अनदेखी कर धड़ल्ले से माल लाद कर लाया और ले जाया जाता है। जिससे सरकार को बतौर राजस्व के रूप में करोड़ों रूपए का नुकसान हो रहा है और यात्रियों की जान जोखिम में पड़ रही है।

राजधानी सहित मध्यप्रदेश और अतंरप्रांतीय राज्यों के ट्रांसपोर्टरों ने इस संबंध में केंद्र सरकार और राज्य सरकार के मांग की है कि पैसेंजर वाहनों में माल का हो रहे अवैध परिवहन पर हस्ताक्षेप करें। ट्रांसपोर्ट संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहाकि हम लोग लंबे समय से पैसेंजर बसों में माल ढुलाई का विरोध करते आ रहे हैं। हमारा स्पष्ट मानना है कि जब तक इस अवैध प्रथा पर रोक नहीं लगेगी, हम लगातार अपनी आपत्ति प्रत्येक संबंधित सरकारी कार्यालय चाहे वह केंद्रीय या राज्य परिवहन विभाग हो, जीएसटी विभाग हो या यातायात पुलिस हर जगह दर्ज कराते रहेंगे।

### मप्र में करीब 200 बसों में 600 टन से अधिक व्यवसायिक माल का अवैध परिवहन प्रतिदिन



भोपाल ट्रांसपोर्ट कंपनीज एसोसिएशन अध्यक्ष ठाकुरलाल राजपूत ने कहाकि मध्यप्रदेश में करीब 200 बसों से 600 टन से अधिक व्यवसायिक माल प्रतिदिन मध्यप्रदेश के भीतर एवं अन्य प्रदेशों जैसे मुंबई, पूना, नागपुर, रायपुर, अहमदाबाद, सूरत, भीलवाड़ा जयपुर, आगरा, दिल्ली, कानपुर आता -जाता है। किसी भी शहर के बस स्टैंड के आस-पास बस के केबिन में ऊपर एवं यात्रियों की सीट के नीचे बनी डेक में करीब तीन टन माल आ आता और पैसेंजर वाहन मालकों एवं चालकों द्वारा माल अवैध रूप से भरा जाता है। सुबह एवं शाम के बाद, डेक बनी, ऊंची -ऊंची बसें बस अड्डों के आसपास , इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर अन्य शहरों में माल उतरते और चढ़ाते देखा जा सकता है। बस कंपनियों द्वारा माल परिवहन की बुकिंग, डिलीवरी, गोदाम आदि की शिकायत कई बार संगठन ने आरटीओ और पुलिस के अधिकारी से की,लेकिन शिकायत करने के बाद इन्हें कुछ नजर नहीं आता। ठाकुरलाल राजपूत ने कहाकि ट्रक-ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों ने कई बार इसकी शिकायत शासन से भी की। माल ढोने के लिए ट्रक है, ट्रक में एक सवारी बैठा लें, तो पुलिस चालान बना देती है, व्यापारी के बिल में, अथवा ई-वे बिल में कोई त्रुटि हो जाए तो शास्ती ट्रांसपोर्टर को भरनी पड़ती है, लेकिन इसके विपरीत जबकि बसों से करोड़ों का माल बिना बिल, बिना ई-वे बिल के परिवहन हो रहा है और करोड़ों की जीएसटी चोरी हो रही है, तो यह सब न ही विभाग जिम्मेदारों को नजर आ रहा है और पुलिस वालों को, निजी बसों में अवैध माल परिवहन सरकार के नीचे सब साहूकारी से चल रहा है।



### जो बसों में टनों माल लाद रहे हैं वे कर रहे यात्रियों की जान से खिलवाड़

राजपूत ने कहा कि जो बसें टनों के हिसाब से माल लाद रहे हैं वे कर रहे यात्रियों की जान से खिलवाड़ भी कर रहे हैं। ट्रक ट्रांसपोर्ट का काम बसें कर रही है, जिसके कारण हम ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों के बिजनेस पर भी असर पड़ रहा है, सीधा -सीधा ट्रकों का हक बसों द्वारा छीना जा रहा है। अतः शासन-प्रशासन से अनुरोध है कि माल से भरी बसों का परमिट रद्द किया जा और बसों में व्यवसायिक माल की बुकिंग पूर्णतः बंद हो सख्त कार्रवाई की जाए। ताकि हम ट्रांसपोर्टरों को राहत मिल सकें।

### यात्रियों की जान को खतरा होने के साथ जीएसटी की करोड़ों रुपए की चोरी



भाईचारा राजमार्ग परिवहन सेवा के संस्थापक नरेंद्र मिश्रा ने कहाकि पैसेंजर बसों में माल ढुलाई करना पैसेंजर के लिए सबसे बड़ा खतरा है। बसे को पैसेंजर परिवहन के लिए आरटीओ परमिशन देता है। जबकि ट्रक को माल परिवहन के लिए। जो कि गुड्स कैरियर जो गाड़ियों के सामने लिखा होता है, लेकिन आज के समय में बसों के मालिक आरटीओ अधिकारी के मिलीभगत से खुलेआम भारत के संविधान, नियमों का उलंघन कर रहे हैं। आरटीओ अधिकारी खुलेआम पैसे की वसूली कर रहे हैं। अगर बसों में माल ढुलाई होता है तो मोटर वाहन मालिक को कड़ी सजा का प्रावधान हो और बस का परमिट तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया जाए।

### पैसेंजर बसों में सामान ढुलाई पर नकेल कसे शासन-प्रशासन



ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (पंजी.) के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने कहाकि संगठन लंबे समय से पैसेंजर बसों में माल ढुलाई का विरोध करती आ रही है। मेरा मानना है कि जब तक इस अवैध प्रथा पर रोक नहीं लगेगी, संगठन अपनी आवाज बुलंद करता रहेगा। उन्होंने कहा कि पैसेंजर बसों द्वारा माल ढुलाई के चलते ट्रक ऑपरेटरों को वैध पार्किंग की जगह नहीं मिलती। पार्किंग माफिया बसों से मोटा पैसा वसूलते हैं। इन पार्किंग स्थलों पर न केवल माल उतारा और लादा जाता है, बल्कि आने-जाने वाले प्रत्येक माल पर भी अतिरिक्त शुल्क वसूला जाता है।

### यह पड़ रहा परिवहन पर प्रभाव

- पैसेंजर बसों में सामान बिना बिल और दस्तावेजों के ले जाया जाता है, जिससे सरकार को जीएसटी का राजस्व का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।
- **प्रतिबंधित और मादक पदार्थों की तस्करी**
  पान मसाला, गुटखा, सिगरेट जैसे प्रतिबंधित और मादक पदार्थ बड़ी मात्रा में पैसेंजर बसों के माध्यम से एक राज्य से दूसरे राज्य में पहुंचाए जाते हैं, जो समाज और युवा पीढ़ी के लिए खतरनाक है।
- **बिना कागजात का माल परिवहनः**
  अधिकांश बस ऑपरेटर बिना किसी वैध कागजात के माल परिवहन करते हैं और इसके एवज में भारी-भरकम नकद वसूली करते हैं।
- **यात्रियों की जान को खतरा**
  पैसेंजर बसों को मुख्यतः यात्रियों की सुरक्षित आवाजाही के लिए बनाया जाता है। जब इन बसों में अतिरिक्त माल, भारी-भरकम बोरियाँ, बॉक्स या प्रतिबंधित सामान लादा जाता है तो न केवल बस का लोड बढ़ जाता है बल्कि आग लगने, दुर्घटना और जान-माल की हानि का जोखिम भी कई गुना बढ़ जाता है। यात्रियों की सुरक्षा से इस प्रकार का खिलवाड़ किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।
- **ट्रांसपोर्ट उद्योग पर दुष्प्रभाव**
  इस अवैध गतिविधि से वैध ट्रांसपोर्ट व्यवसाय को गहरा नुकसान हो रहा है। अनेक परिवहन कंपनियां पहले ही बंद हो चुकी हैं और कई बंद होने की कगार पर हैं, जिससे लाखों लोगों की रोजी-रोटी पर संकट मंडरा रहा है। हमारी पुरजोर मांग है की सरकार तुरंत पैसेंजर बसों में सामान ढुलाई पर सख्ती से रोक लगाए। साथ ही अवैध पार्किंग और इस धंधे में संलिप्त माफिया पर कठोर कार्यवाही करें। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो यह समस्या और विकराल रूप धारण कर लेगी और वैध परिवहन उद्योग का अस्तित्व संकट में पड़ जाएगा।

### आरटीओ व पुलिस की मिलीभगत से चल रहा अवैध परिवहन का धंधा



भोपाल ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ट्रांसपोर्ट नगर कोकता के अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि बस हल्के वजन से बनती उसमें कमानी नहीं होती, बस वाले केबिन पर माल लोड करते हैं, जिससे हमेशा दुर्घटना आए दिन होती हैं। बस से माल का परिवहन करना दंडनीय अपराध हैं , लेकिन आरटीओ व पुलिस की मिलीभगत से पैसेंजर बसों में अवैध परिवहन का गोरख धंधा चल रहा है। गुप्ता ने कहाकि पैसेंजर बसों में माल ढुलाई के खिलाफ ट्रांसपोर्टरों का विरोध और प्रतिबंध की मांग परिवहन क्षेत्र की एक आम समस्या है। ट्रांसपोर्टरों की मुख्य शिकायत यह है कि बस कंपनियां यात्री सेवा के साथ-साथ अवैध रूप से माल ढुलाई करती हैं, जिससे माल परिवहन करने वालों का व्यापार प्रभावित होता है और उन्हें आर्थिक नुकसान होता है। वे यात्री बसों के इस अनधिकृत माल ढुलाई को रोकने और इन पर सख्ती से प्रतिबंध लगाने की मांग कर रहे हैं ताकि परिवहन व्यवस्था में प्रतिस्पर्धात्मकता बनी रहे।

---

## टैक्स लॉ बार एसोसिएशन की कार्यशाला



# आयकर विवरणी से लेकर क्रिप्टो करेंसी जैसी नई वित्तीय चुनौतियों के पहलुओं की दी जानकारी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶| भोपाल

आम करदाता हो या प्रोफेशनल, आयकर कानून की बारीकियों को समझना हर किसी के लिए आसान नहीं होता। इन नियमों के बीच अक्सर ऐसी उलझनें सामने आती हैं, जिनका सही समाधान विशेषज्ञ की मदद से ही संभव है।

इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए टैक्स लॉ बार एसोसिएशन ने अपने सदस्यों के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष मृदुल आर्य की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में युवा चार्टर्ड अकाउंटेंट आकाश सक्सेना ने उपस्थित कर सलाहकारों को आयकर विवरणी भरने से लेकर क्रिप्टो करेंसी जैसी नई वित्तीय चुनौतियों तक के पहलुओं पर जानकारी दी। सीए सक्सेना ने फ्यूचर एवं ऑप्शंस से होने वाली आय को लेकर व्यावहारिक स्पष्टीकरण दिया। उन्होंने कहा कि ऐसी आय को धारा 44एडी की अनुमानित आय योजना के अंतर्गत नहीं रखना चाहिए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि इस तरह के लेन-देन पर जीएसटी का कोई दायित्व नहीं बनता। उनके अनुसार, इस विषय में अक्सर करदाताओं के बीच भ्रांतियां रहती हैं जिन्हें दूर करना आवश्यक है। अक्सर संयुक्त बैंक खातों में टीडीएस कटौती की समस्या आती है। इस पर सीए सक्सेना ने कहा कि बैंक टीडीएस केवल प्राइमरी खाता धारक के नाम पर काटता है। ऐसे में प्राथमिक धारक को ही इसे अपनी आय में दिखाना चाहिए और उसी के माध्यम से छूट का लाभ लेना चाहिए।

### प्रतिभागियों को मिला व्यावहारिक मार्गदर्शन

कार्यशाला में एसोसिएशन के सचिव मनोज पारख, कोषाध्यक्ष धीरज अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य गोविंद वसंता और हेमंत जैन सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। उपस्थित सदस्यों ने वक्ता से सवाल-जवाब कर अपनी जिज्ञासाएँ दूर कीं और कई व्यावहारिक समस्याओं का समाधान पाया।

## केरल में वीडियो कॉल के माध्यम से वारदात

# दंपति को 'डिजिटल अरेस्ट' कर 2.4 करोड़ की ठगी

**कासरगोड।** केरल में कासरगोड जिले के कान्हागड में 11 दिन तक 'डिजिटल अरेस्ट' में रखे जाने के बाद साइबर धोखेबाजों ने एक बुजुर्ग दंपति से 2.4 करोड़ रुपये की ठगी की। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। 'डिजिटल अरेस्ट' में साइबर अपराधी फर्जी सरकारी अधिकारी बनकर वीडियो कॉल के माध्यम से लोगों को डरा-धमकाकर उनसे बड़ी रकम वसूलते हैं। पुलिस के अनुसार, पीड़ित 69 वर्षीय सेवानिवृत्त एक शिक्षक और उनकी 72 वर्षीय पत्नी हैं, जो एक सेवानिवृत्त सरकारी होम्योपैथी चिकित्सक हैं। यह दंपति कान्हागड में एक किराए के मकान में अकेला रहता है। सेवानिवृत्त शिक्षक ने कहा, दस अगस्त की सुबह मेरी पत्नी को एक अंतरराष्ट्रीय नंबर से कॉल आया। मैंने फोन उठाया तो हिंदी में बोल रहे एक व्यक्ति ने दावा किया कि वह भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण से है। उसने कहा कि मेरी पत्नी सीबीआई द्वारा जांचे जा रहे धनशोधन के एक मामले में शामिल है। एजेंसी का एक अधिकारी जल्द ही उनसे संपर्क करेगा। उन्होंने कहा कि कुछ मिनट बाद, दंपति को एक व्हाट्सएप वीडियो कॉल आया।

# चांदी की हॉलमार्किंग...1 सितंबर से बदलेंगे कई नियम, जेब पर पड़ेगा असर

वाणिज्य डेस्क ▶▶| भोपाल

हर महीने की पहली तारीख कुछ नई शुरुआत और बदलाव लेकर आती है। इस बार 1 सितंबर 2025 से भी कई बड़े बदलाव लागू होने जा रहे हैं, जिनका सीधा असर आम लोगों पर पड़ेगा। इनमें चांदी की अनिवार्य हॉलमार्किंग, एसबीआई क्रेडिट कार्ड पर नए चार्ज और डाक विभाग की रजिस्ट्री सेवा का स्पीड पोस्ट में विलय जैसे नियम शामिल हैं।

### एसबीआई डेबिट असफल होने पर 2 फीसदी की पेनल्टी

एसबीआई ने अपने क्रेडिट कार्ड धारकों के लिए नए नियम लागू किए हैं। अब यदि आपके कार्ड का ऑटो-डेबिट असफल होता है, तो 2 फीसदी पेनल्टी देनी होगी। इंटरनेशनल ट्रांजेक्शन, फ्यूल और ऑनलाइन शॉपिंग पर भी अतिरिक्त चार्ज लग सकते हैं। साथ ही, रिवॉर्ड पॉइंट्स की वैल्यू घट सकती है और कार्ड प्रोटेक्शन प्लान भी बदलेंगे। 16 सितंबर 2025 से सभी ग्राहकों को नए वेरिएंट में शिफ्ट कर दिया जाएगा।

### *अब चांदी पर भी हॉलमार्किंग अनिवार्य*

*1 सितंबर से चांदी के गहनों और सिक्कों पर भी हॉलमार्किंग जरूरी होगी। अभी तक यह नियम केवल सोने पर लागू था। इससे ग्राहकों को शुद्धता की गारंटी मिलेगी, हालांकि ज्वैलर्स का मानना है कि इससे चांदी की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है।*

### *रजिस्ट्री का स्पीड पोस्ट में विलय*

*डाक विभाग ने बड़ा बदलाव करते हुए रजिस्टर्ड पोस्ट को स्पीड पोस्ट का हिस्सा बना दिया है। अब 1 सितंबर से कोई भी रजिस्ट्री सीधे स्पीड पोस्ट सेवा से जाएगी। इससे प्रक्रिया तेज और सरल हो जाएगी।*

### *जीएसटी परिषद की बैठक*

*3-4 सितंबर 2025 को जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक होगी। इसमें टैक्स दरों को घटाकर मौजूदा चार स्लैब की जगह दो स्लैब (5 फीसदी और 12फीसदी ) करने का प्रस्ताव चर्चा में रह सकता है। इसका सीधा असर उपभोक्ताओं और कारोबारियों पर पड़ेगा।*

### भारत के जीडीपी पर 25 फीसदी टैरिफ का नहीं पड़ेगा नकारात्मक प्रभाव : फेडरेशन

**भोपाल।** फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा वैश्विक व्यापार युद्ध के अंतर्गत भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। जो दिनांक 27 अगस्त 2005 से लागू होने की संभावना है। साथ ही रूस से तेल आयात करने के कारण भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क भी लगाया है। इंटरनेशनल क्रेडिट एजेंसी के अनुसार इस टैरिफ से भारत की जीडीपी पर कोई विशेष नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। क्योंकि इन एजेंसीयों ने भारत की रेटिंग को डाउन ग्रेड नहीं किया है। विशेषज्ञों के अनुसार भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6 प्रतिशत से 7 प्रतिशत के बीच बनी रहने की पूर्ण संभावना है, लेकिन साथ ही साथ कुछ क्षेत्र जैसे परिधान, आभूषण एवं हीरे, झींगा, मशीनरी, जैविक रसायन, तांबा एवं एल्युमिनियम पर इन टैरिफ का असर पडने की संभावना है। हालांकि अमेरिका ने कुछ क्षेत्रों पेट्रोलियम उत्पाद, फार्मास्यूटिकल्स, एपीआई और स्मार्टफोन उद्योग को इस शुल्क से छूट प्रदान की है। जिससे हमारे व्यापार को बहुत ज्यादा फर्क नहीं पडने वाला है। हांलाकि इन चुनौतियों से निपटने के लिए भारत सरकार एवं उद्योग जगत सक्रिय है और अमेरिका पर निर्भरता को कम करने के लिए नए बाजारों की खोज प्रारंभ कर दी है।

### ग्रीनप्लाई ने लांच किया पहला एमडीएफ कैंपेन

**नई दिल्ली।** ग्रीनप्लाई इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने एमडीएफ श्रेणी के कैंपेन 'लेटेस्ट डेकोर का रिप्लाई' की शुरुआत की है। यह कैम्पेन ग्रीनप्लाई की उन्नत एमडीएफ रेंज-710 एचडीएमआर एचडीएफ और प्री-लैमिनेटेड एमडीएफ को सामने लाता है। तीन प्रभावशाली फिल्मों के जरिए कंपनी दिखा रही है कि उसके प्रोडक्ट मजबूत, टिकाऊ और डिजाइन में बहुउपयोगी हैं। यह कैंपेन ग्राहकों, ठेकेदारों और व्यापार साझेदारों को भरोसा दिलाता है

### आरआर काबेल ने लांच की वायरों की नई सीरीज



**भोपाल।** आरआर काबेल ने वायरों की एक नई रेंज लांच की है। इस नई सीरीज में फ्लेमेक्स एचआर प्लस एफआर और फायरएक्स एलएसओएच-ईबीएक्सएल जैसे प्रोडक्ट शामिल हैं जो सुरक्षा, परफॉर्मेंस और पर्यावरण की रक्षा- तीनों में बेहतर हैं। कंपनी के कार्यकारीनिदेशक राजेश काबरा ने कहाकि जब घर स्मार्ट हो रहे हैं और तापमान बढ़ रहा है, तो वायरों को भी बदलना होगा। हमारी नई रेंज आज की ही नहीं, बल्कि आने वाले समय की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है- चाहे वो बढ़ता तापमान हो या ज्यादा बिजली का दबाव या फिर सुरक्षा और पर्यावरण की जिम्मेदारी।

## 2021 से ख़ाली हैं जम्मू कश्मीर से राज्यसभा की 4 सीटें

# कानून मंत्रालय की स्टेगर्ड टर्म्स के लिए चुनाव आयोग को ना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर की 4 राज्यसभा सीटें फरवरी 2021 से रिक्त पड़ी हैं। चुनाव आयोग ने केंद्र से अनुरोध किया था कि राष्ट्रपति द्वारा सभी चार रिक्त पड़ी राज्यसभा सीटों का कार्यकाल अलग-अलग यानी 'स्टेगर्ड टर्म्स' के लिए निर्धारित कर दिया जाए ताकि हर दो साल में क्रमशः एक सीट खाली हो और नया चुनाव हो सके।

लेकिन कानून और न्याय मंत्रालय ने यह मांग ठुकरा दी है। मंत्रालय ने आयोग से स्पष्ट कहा कि संविधान और मौजूदा कानूनों में ऐसी व्यवस्था की कोई अनुमति नहीं है। आयोग ने कहा था कि संविधान का उद्देश्य राज्यसभा को "स्थायी सदन" बनाना है, जहाँ हर दो साल में एक-तिहाई सदस्य बदलते रहें। चूंकि जम्मू-कश्मीर में चारों सीटें एक साथ खाली हुई हैं, इस चक्र में असमानता आ गई है। इसलिए राष्ट्रपति आदेश से टर्म्स अलग-अलग कर दिए जाएं। कानून मंत्रालय ने कहा कि इस तरह की मांग का कोई कानूनी आधार नहीं है। यदि राष्ट्रपति आदेश से एक बार टर्म बदल दिया गया तो वही नियम अन्य राज्यों में भी लागू करना होगा, जहाँ अतीत में ऐसी स्थिति बनी थी (जैसे पंजाब और दिल्ली)। ऐसा करना संविधान संशोधन के बिना संभव नहीं। जम्मू कश्मीर की नई विधानसभा में कुल 90 निर्वाचित सदस्य और 5 नामित सदस्य हैं। इनमें नेशनल कॉन्फ्रेंस 34 विधायक हैं जबकि कांग्रेस के 17, भारतीय जनता पार्टी के 22, अन्य व निर्दलीय– 17 विधायक हैं। राज्यसभा चुनाव में मतदान केवल निर्वाचित विधायक करते हैं। इस लिहाज़ से नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन के पास 51 विधायकों की संख्या है जो बहुमत से काफी अधिक है।

---

## गणेश चतुर्थी पर मोदक, बेसन, बूंदी, मोतीचूर, बेसन और ड्राईफ्रूट लड्डू की रही धूम

# शहर में बिके 30 क्विंटल से ज्यादा मोदक बेसन व बूंदी सहित अन्य वैराइटी के लड्डू

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶| भोपाल

गणेश चतुर्थी का आगाज होने के साथ ही राजधानी भोपाल में मिठाईयों की धूम शुरु हो गई है। दुकानों में मोदक, बेसन, मोतीचूर, नारियल, मावा और ड्राईफ्रूट लड्डू की खास वैराइटी उपलब्ध है। भगवान गजानन की मनपसंद करीब आधा दर्जन से अधिक तरह की मिठाइयां दुकानों में उपलब्ध है। व्यापारिक अनुमान के मुताबिक श्री गणेश चतुर्थी पर समूचे भोपाल में 30 क्विंटल से अधिक मिठाई, मोदक, बेसन, बूंदी लड्डू, मोतीचूर सहित अन्य वैराइटी के लड्डूयों की बिक्री हुई। बाजार पंडितों के अनुसार आगामी तक दिनों पर मिठाई की दुकानों में मोदक सहित अन्य वेरायटी लड्डू की बिक्री अच्छी होगी। घोड़ा निकास स्थित कुंदन नमकीन एंड मिष्ठान के संचालक प्रेमनारायण यादव ने बताया कि गणेश चतुर्थी का पर्व आते ही मिठास घुल गई है। हमारे मिष्ठान भंडार में इस बार गणेशजी के स्वागत के लिए एक नहीं, दो नहीं बल्कि आधा दर्जन से अधिक तरह की मिठाइयां तैयार की गई हैं। मोदक से लेकर मोतीचूर, बेसन से लेकर ड्राईफ्रूट लड्डू बप्पा के भोग के लिए सजी हुई है। भगवान श्री गणेश को खासतौर पर मोदक अर्पित किए जाएंगे। जो कि साढ़े 500 रुपए प्रति किलो है। इसके अलावा अन्य वैराइटी के लड्डू 240 रुपए से 500 रुपए की कीमत में उपलब्ध है।



### *खूब बिक रहे मगज व मोतीचूर के लड्डू*

*पुराने शहर की सबसे पुरानी फर्म घंटेवाले के संचालक मोहन शर्मा के अनुसार गणेश चतुर्थी से आगामी दस दिन शहर भागवान गजानन के उत्सव मनेगा। ऐसे में इस दिवसीय उत्सव में विघ्नविनाय को प्रसाद चढ़ाने के लिए मिठाई की दुकानों पर चहल-पहल बढ़ गई। मगज व मोतीचूर के लड्डू की बिक्री भी शुरू हो गई है। बाजार में मावा मोदक, केसर मावा मोदक, बूंदी मोदक, बेसन मोदक, रोस्टेड मोदक एवं मिल्क केक ड्राई फ्रूट मोदक आदि मौजूद हैं। गणेश चतुर्थी पर दुकानदारों को मोदक के ऑर्डर मिल रहे है।*

### मप्र सहित देश भर में 25 हजार करोड़ के कारोबार की उम्मीद

मध्यप्रदेश में गणपति बप्पा मोरिया के उद्घोष के साथ बुधवार से दस दिवसीय गणेशोत्सव शुरू हो गया है। इसके साथ ही शहर के बाजारों में चहल-पहल और खरीदारी से बाजार भी गुलजार होने लगे हैं। इस श्रीगणेशोत्सव के दरमियान होने वाले व्यापार -व्यवसाय को लेकर शहर के कारोबारी काफी उत्साहित है। व्यापारी और व्यापारिक संगठनों को उम्मीद है कि भोपाल, मध्यप्रदेश सहित देशभर में करीब 25 हजार करोड़ रुपए के व्यापार की उम्मीद है। गौरतलब है कि दस दिवसीय गणेश चतुर्थी का त्योहार बेहद धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। यह फेस्टिव सीजन का कारोबारियों के लिए शानदार होने की संभावना है। बाजार में खरीदारी की हलचल बढ़ गई है । मध्यप्रदेश एफएमसीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील जैन 501 के मुताबिक गणेश प्रतिमाओं का व्यापार 500 करोड़ से अधिक का अनुमान है। फूल, माला, फल,



नारियल, धूप और अन्य पूजन सामग्री की बिक्री भी 500 करोड़ के करीब होती है। मिठाई की दुकानों और घरेलू व्यवसायों की बिक्री में 2000 करोड़ रुपए से अधिक की वृद्धि देखी जाती है। इसके अलावा परिवारों द्वारा बड़े समारोहों और भोज के आयोजन के चलते कैटरिंग और स्नैक पर लगभग 3000 करोड़ रुपए का व्यापार होता है।

## ट्रंप टैरिफ का एक पहलू यह भी

# भारत से ही कई सामान खरीदेगा अमेरिका, नहीं है कोई विकल्प



नई दिल्ली

भारत पर अमेरिका शुल्क अब 50 फीसदी लग रहा है। ऐसे में भारतीय निर्यातक तनाव में हैं। इस बीच, एक अच्छी खबर यह है कि अमेरिका भारत से कुछ वस्तुओं की खरीदारी जमकर करने वाला है, क्योंकि अमेरिका के पास भारत से खरीदने के अलावा और कोई विकल्प नहीं बचता। अगर अमेरिका भारत के अलावा, अन्य जगहों से कुछ चीजें खरीदता है तो उसे इम्पोर्ट करने में ज्यादा लागत चुकानी पड़ेगी, साथ ही अमेरिकी जरूरत के हिसाब से सस्ते में कोई दूसरा देश इन वस्तुओं की आपूर्ति भी नहीं कर सकता है। शायद यही कारण है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इन चीजों पर टैरिफ नहीं लगाया है या सिर्फ 25% का बेसिक टैरिफ ही रखा है। अभी भी ये चीजें अमेरिका के लिए पहले की तरह ही एक्सपोर्ट हो रही हैं।

**निर्यातकों को राहत देने में जुटी सरकार**

अमेरिका में भारतीय वस्तुओं के आयात पर 50 प्रतिशत का भारी शुल्क लगाए जाने से परेशान निर्यातकों को राहत देने के लिए केंद्र सरकार कई उपायों पर काम कर रही है। इनमें निर्यात संवर्धन मिशन की शुरुआत, ऋण लौटाने को लेकर मोहलत और नकदी से जुड़ी मदद शामिल हैं। निर्यातकों की तरफ से की गई अपीलों पर उन्होंने कहा, सरकार निर्यातकों की समस्याओं से पूरी तरह अवगत है और उन्हें राहत देने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं।

### कई उत्पादों पर टैरिफ नहीं

अमेरिका ने भारत के जिन उत्पादों को टैरिफ से छूट दे रखा है, उनमें फॉर्मा सेक्टर्स (दवाएं और उपकरण), इलेक्ट्रॉनिक्स (स्मार्टफोन्स और इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट्स), अतिरिक्त ऊर्जा और नवीकरणीय उत्पाद जैसे पेट्रोलियम आदि टैरिफ से मुक्त हैं। कुछ उत्पादों पर सिर्फ 25 फीसदी ही टैरिफ लागू किया गया है, जिसमें लोहे-सीसे, एल्यूमिनियम, तांबे और उनके आउटपुट आदि शामिल हैं।

## 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के बाद मिली सफलता

# बीमार होने पर भगवान से नाराज युवक ने एक के बाद एक 20 मंदिरों में की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले में एक ऐसा चोर पुलिस की गिरफ्त में आया है, जो भगवान से नाराजगी निकालने के लिए उन्हीं के घर (मंदिर) को टारगेट करके चोरी करता था। चोर को एचआईवी एड्स नामक संक्रमण है। इसके लिए वो भगवान को जिम्मेदार मानता था और प्रतिशोध लेने के लिए मंदिरों में चोरी करता था। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि जिले में पिछले कुछ महीनों से लगातार मंदिरों में चोरी की घटनाएं बढ़ गई थीं। एसएसपी विजय अग्रवाल ने इसके लिए एसीसीयू और अलग-अलग थानों की पुलिस को मिलाकर एक टीम बनाई। टीम ने चोर को पकड़ने के लिए लगभग 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को खंगाला, त्रिनयन एप का सहारा लिया, लेकिन पुलिस के हाथ एक भी सुराग नहीं लग रहा था।

इसी दौरान पुलिस को त्रिनयन एप से एक सुराग मिला कि जिस भी मंदिर में चोरी होती है, वहां से कुछ दूर पर एक जुपिटर में आदमी कॉमन रूप से दिखाई देता है। पुलिस ने संदेह के आधार पर उसे हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने 13 सालों में केवल मंदिरों को निशाना बनाकर चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से 1282 रुपए और चोरी की वारदात में उपयोग की गई जुपिटर स्कूटी को जब्त किया है। आरोपी जिस भी मंदिर में चोरी करता था, एक दिन पहले वहां की रेकी करता था। भगवान के दर्शन करने जाता था और मंदिर में कुछ समय बिताता था। इसके बाद अगले दिन रात में जुपिटर स्कूटी से आता और मंदिर से काफी दूर पहले स्कूटी को खड़ा कर देता था। अपने पहने हुए कपड़ों को बदल लेता था।